# अपना वार्षिक रिटर्न पूरा करना (Tier 3 और Tier 4 चैरिटी)

CHARITIES SERVICES
Ngā Ratonga Kaupapa Atawhai

**पंजीकृत चैरिटी हर साल एक वार्षिक रिटर्न फॉर्म भरकर और एक हस्ताक्षर की गई प्रदर्शन रिपोर्ट संलग्न करके Charities Services (चैरिटी सर्विसिज) को रिपोर्ट भेजती है। आपकी रिपोर्ट को रिपोर्टिंग मानकों का उपयोग करके पूरा किया जाना चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए आपके पास अपने वित्तीय वर्ष के अंत के बाद से 6 महीने तक का समय होता है।**

**यह गाइड (मार्गदर्शिका) आपकी वार्षिक रिपोर्टिंग को 8 सरल चरणों में विभाजित करती है और आपको रिपोर्ट करने में मदद के लिए उपयोगी जानकारी के लिंक प्रदान करती है।**

## अपना वार्षिक रिटर्न पूरा करने के चरण

1. **अपनी चैरिटी के Tier का** अनुमान लगाएं।

2. **अपनी सहायता के लिए वार्षिक रिपोर्टिंग गाइड बुक को डाउनलोड करें:** Tier 3 गाइड बुक या Tier 4 गाइड बुक।

3. **अपने Tier (स्तर) के लिए उपलब्ध संसाधनों को देखें।**
इन संसाधनों में टेम्प्लेट, ट्यूटोरियल, उदाहरण के रूप में प्रदर्शन रिपोर्ट तथा आपकी प्रदर्शन रिपोर्ट और आपकी वार्षिक रिटर्न को पूरा करने के तरीके के बारे में हमारी मार्गदर्शिका शामिल है। Tier 3 संसाधनों या Tier 4 संसाधनों को देखें।

4. **आरंभ करने के लिए एक प्रदर्शन रिपोर्ट टेम्पलेट डाउनलोड करें।**
Tier 3 टेम्प्लेट या Tier 4 टेम्प्लेट। आपको हमारी टेम्प्लेट का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यदि आप ऐसा करते हैं तो यह आसान हो जाता है। अगर आपको Excel टेम्प्लेट का उपयोग करने में मदद चाहिए, तो हमारे ट्यूटोरियलों को देखें: Tier 3 ट्यूटोरियल या Tier 4 ट्यूटोरियल।

5. **वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी दोनों के साथ अपनी प्रदर्शन रिपोर्ट को पूरा करें।**
नोट: टेम्प्लेट पर प्रत्येक बॉक्स जिसमें लाल तारे का निशान * होता है, उसे पूरा किया जाना चाहिए। अपने चैरिटी के अधिकारियों से पूर्ण की गई प्रदर्शन रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करवाना और तारीख लिखवाना याद रखें।

6. **क्या आपको ऑडिट (हिसाब-किताब की जांच) या समीक्षा की आवश्यकता है?**
आपको एक ऑडिट या समीक्षा की आवश्यकता होगी यदि आपके नियम (संविधान या ट्रस्ट डीड) ऐसा कहते हैं या पिछले दो वर्षों में से हर साल आपके निम्न ऑपरेटिंग व्यय के आधार पर:

$550,000 से ऊपर – आपको एक योग्य ऑडिटर (लेखा परीक्षक) द्वारा ऑडिट या समीक्षा की आवश्यकता होगी
$1,100,000 से ऊपर – आपको एक योग्य ऑडिटर (लेखा परीक्षक) द्वारा ऑडिट की जरूरत होगी

यदि आप अपनी आवश्यकता के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं, तो चैरिटी रजिस्टर पर अपने नियमों के दस्तावेज़ को देखें या अपने चैरिटी के ऑनलाइन खाते में लॉग इन करें।

**7. अपनी चैरिटी के ऑनलाईन अकाउंट में लॉग-इन करें और अपनी वार्षिक रिटर्न जमा करें।**
इसमें वार्षिक रिटर्न फॉर्म में सवालों के जवाब देना और अपनी प्रदर्शन रिपोर्ट अपलोड करना शामिल है। मदद के लिए, हमारे ऑनलाइन वार्षिक रिटर्न वॉक-थ्रू वीडियो को देखें।

**वार्षिक रिटर्न शुल्क का भुगतान करें (यदि आपकी चैरिटी $10,000 या इससे अधिक है)।**
ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से अपने वार्षिक रिटर्न का भुगतान करने के लिए इन चरणों का पालन करें।

## उपयोगी संसाधनों के लिए क्विक (त्वरित) लिंक

- वार्षिक रिपोर्टिंग वेबिनार का संक्षिप्त विवरण
- अपनी प्रदर्शन रिपोर्ट और अपनी वार्षिक रिटर्न पुस्तिका को कैसे पूरा करें
- रिपोर्टिंग समयरेखा
- छोटी चैरिटी के लिए वार्षिक रिटर्न चैकलिस्ट (जांच सूची)
- टियर 4 चैरिटी के लिए ऑटोमेटिड (स्वचालित) कैश बुक गाइड
- स्वयंसेवक संबंधी जानकारी

## अभी भी मदद चाहिए?

वन-ऑन-वन क्लिनिक (व्यक्तिगत रूप से बात करने के लिए) बुक करें और आप हमसे फोन या वीडियो चैट (ज़ूम) द्वारा बात कर सकते हैं।

## CommunityNet Aotearoa (कम्युनिटीनेट आओटियारोआ) के introduction to record keeping (रिकॉर्ड रखने का परिचय) को देखें।

फोन: 0508 CHARITIES (0508 242 748)
ईमेल: info@charities.govt.nz

*Published April 2022*